<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–03 अप्रैल 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव में निगरानी के लिये उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में विशेष पर्यवेक्षक, पुलिस पर्यवेक्षक और विशेष व्यय पर्यवेक्षक किये गये तैनात।
- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये विभिन्न उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन। कल तक भरे जा सकेंगे पर्चे। मतदान छब्बीस अप्रैल को।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीलीभीत, बदायूं और बरेली में प्रबुद्धजन सम्मेलन को किया संबोधित। सपा प्रमुख अखिलेश यादव कन्नौज में कार्यकर्ता सम्मेलन में हुए शामिल।
- चित्रकूट में तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो में मारी टक्कर, हादसे में ऑटो सवार सात लोगों की मौत, एक घायल।

**********

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की निगरानी के लिये उत्तर प्रदेश समेत छः राज्यों में विशेष पर्यवेक्षक और पुलिस पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। साथ ही चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिये व्यय पर्यवेक्षकों की भी तैनाती की है। आयोग ने कल इस सम्बन्ध में दिशा–निर्देश जारी किये। उत्तर प्रदेश के अलावा, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, आंध्र प्रदेश और ओडिशा में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति हुई है।

प्रदेश में सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अजय वी नायक को सामान्य विशेष पर्यवेक्षक, पूर्व आईपीएस अधिकारी मनमोहन सिंह को पुलिस का विशेष पर्यवेक्षक और सेवानिवृत्त भारतीय राजस्व सेवा अधिकारी राजेश टुटेजा को विशेष व्यय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

चुनाव आयोग ने कहा कि शानदार ट्रैक रिकॉर्ड वाले इन पूर्व लोक सेवकों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान सतर्कता के साथ देखरेख का काम सौंपा गया है। ये पर्यवेक्षक खासकर पैसा, ताकत और फर्जी सूचना से पैदा होने वाली चुनौतियों की निगरानी करेंगे और इसकी सूचना सीधे निर्वाचन आयोग को देंगे।

**********

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये नामांकन का क्रम जारी है। कल अमरोहा में चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें बसपा के मुजाहिद हुसैन, भाजपा के कंवर सिंह तंवर और दो निर्दलीय प्रत्याशी शामिल है। इस सीट के लिए अब तक कुल पांच नामांकन हो गए हैं।

वहीं, गौतमबुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र से छह प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी से राजेंद्र सिंह सोलंकी ने दो पर्चे दाखिल किये, सुभाषवादी भारतीय समाजवादी पार्टी से नर्वदेश्वर दीक्षित और नेशनल पार्टी से प्रत्याशी किशोर सिंह ने नमांकन किया। इसी के साथ तीन निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी नामांकन किया, जिसमें संजीव कुमार, प्रवीण शर्मा और महकार सिंह शामिल है। एक अप्रैल को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त प्रत्याशी महेंद्र नागर ने नामांकन किया था। गौतम बुद्ध नगर लोकसभा सीट के लिये अब तक कुल सात प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। अलीगढ़ सीट पर कल पांच प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया।

मेरठ लोकसभा सीट से कल भाजपा प्रत्याशी अरूण गोविल ने भी नामांकन दाखिल किया था। हमारी प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट....

***मेरठ हापुड़ लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है जो चार अप्रैल तक चलेगी, भाजपा प्रत्याशी अरुण गोविल ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया उनके साथ वरिष्ठ भाजपा नेता केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल रहे। बीएसपी ने देवव्रत त्यागी को अपना प्रत्याशी बनाया है, वही समाजवादी पार्टी ने एडवोकेट भानु प्रताप सिंह को प्रत्याशी बनाया था हाल ही में सपा ने अपना प्रत्याशी बदलकर सरधना से विधायक अतुल प्रधान के नाम की लिस्ट जारी कर उन्हें प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने इस बार अपने तीन बार से लगातार सांसद रहे राजेंद्र अग्रवाल का टिकट काटकर रामायण सीरियल में राम का किरदार निभाने वाले कलाकार अरुण गोविल को अपना प्रत्याशी बनाया है। जैसे–जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे–वैसे सभी पार्टिया प्रचार प्रसार की तैयारी कर रही है। मेरठ में दूसरे चरण में मतदान 26 अप्रैल को होगा। संगीता श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, मेरठ।***

दूसरे चरण की आठ सीटों पर कल तक नामांकन दाखिल हो सकेंगे। पांच अप्रैल को इन नामांकन पत्रों की जांच होगी। आठ अप्रैल नामांकन वापसी की आखिरी तारीख होगी। इन चरण की आठ सीटों– अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ और मथुरा में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

**********

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल पीलीभीत, बदायूं और बरेली में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। पीलीभीत में श्री योगी ने कहा कि पीलीभीत में हमने इको पर्यटन को बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार बनाम जीरो टॉलरेंस पर यह चुनाव हो रहा है। बदायूं में श्री योगी ने कहा कि आज का भारत आर्थिक रूप से समृद्ध हुआ है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव, माफिया राज और कानून राज के बीच है। बरेली में श्री योगी ने लोगों से बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब लोग वोट करेंगे तभी विकसित भारत बनाने के लिए सही सरकार का चयन होगा। वहीं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कल कन्नौज में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने

कहा कि मतदाताओं में जिस तरह का उत्साह दिखाई दे रहा है, इससे विरोधी लोगों को एहसास हो गया है कि अब कन्नौज में उनका काम बनने वाला नहीं है। उन्होंने दवा किया कि जो विकास कन्नौज का समाजवादियों ने किया उससे आगे कोई विकास नहीं हुआ है।

**********

चित्रकूट के कर्वी कोतवाली क्षेत्र में झांसी–मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कल तेज रफ्तार डंपर ने दर्शनार्थियों से भरे ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार आठ लोगों में से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन घायलों में से दो ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए प्रयागराज रेफर किया गया। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**********

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कल अमरोहा और मुरादाबाद में साइबर योद्धा सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज सूचना के युग में हमें सरकार की उपलब्धियों को सोशल मीडिया के माध्यम से बूथ स्तर तक पहुंचाना है। इसमें साइबर योद्धाओं को अहम भूमिका निभानी होगी।

अमरोहा में श्री ठाकुर ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी अमर्यादित, अभद्र टिप्पणी से हमें बचना होगा। हमें सही ढंग से अपनी बात को रखना है ताकि आम लोगों तक हमारी बात स्पष्टता से पहुंचे।

**********

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर की सफाई व्यवस्था, एयरपोर्ट की तर्ज पर करने की तैयारी है। इसे लेकर मंदिर प्रशासन और एयरपोर्ट अथॅरिटी के बीच वार्ता चल रही है। इसी महीने के अन्तिम सप्ताह से सफाई की यह नई व्यवस्था शुरू हो सकती है। अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की सफाई व्यवस्था लागू करने वाला काशी विश्वनाथ मंदिर, देश का पहला मंदिर होगा। इस व्यवस्था के तहत मंगला आरती से लेकर शयन आरती तक कई चरण में मंदिर की सफाई की जायेगी। वर्तमान में मंदिर की सफाई व्यवस्था निजी कम्पनी के हाथों में है। उधर, कल काशी विश्वनाथ धाम मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने मंदिर परिसर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया, जिसमें चौवन स्थानों पर गन्दगी मिली थी। इस पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने प्रति स्थान पांच हजार रूपये की दर से सफाई कराने वाली निजी कम्पनी पर दो लाख सत्तर हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।

**********

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन–दो हजार चौबीस की घोषणा के बाद सी–विजिल ऐप से प्रदेश में सोलह मार्च से इकतीस मार्च, दो हजार चौबीस तक कुल तेरह सौ पंचानबे शिकायतें दर्ज हुई हैं। इनमें से सात सौ चौहत्तर शिकायतें सही पायी गयीं, जिसमें नियमानुसार कार्यवाही की गयी। अभी तक पूरे प्रदेश में शिकायतों के निस्तारण का औसत समय उन्सठ मिनट है, जो कि नियत समयावधि सौ मिनट से कम है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आम तौर पर सी–विजिल ऐप में धनराशि वितरण, गिफ्ट–कूपन वितरण, शराब वितरण, बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाने जैसी शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि सी–विजिल ऐप से लोग आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। वो चाहे, तो अपनी पहचान उजागर किए बिना भी शिकायत कर सकते हैं। यह एप कोई भी अपने मोबाइल पर प्ले स्टोर के जरिये इंस्टॉल कर सकता है।

**********